# मैरिज गार्डन व होटलों के लिए कड़े निर्देश जारी, रजिस्ट्रेशन फायर एनओसी अनिवार्य; नो-पार्किंग पर 2500 का चालान

सतना।

नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें शहर के मैरिज गार्डन और होटल संचालकों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।






बैठक में एसडीएम राहुल सिलाडिया,सीएसपी डीप सिंह चौहान,यातायात डीएसपी,कोलगवां थाना प्रभारी, यातायात थाना प्रभारी,और नगर निगम डिप्टी कमिश्नर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान, मैरिज गार्डन और पैलेस संचालकों को स्पष्ट कर दिया गया कि सुरक्षा,पार्किंग और सरकारी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा,अन्यथा उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पार्किंग और सुरक्षा पर सर्वाधिक सख्ती

नो-पार्किंग बोर्ड लगाना अनिवार्य है। मैरिज गार्डन संचालकों को पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और रोड पर वाहन खड़े न होने देने के लिए 10 प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड/वालेण्टियर्स नियुक्त करने होंगे। यदि कोई भी वाहन नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़ा पाया जाता है,तो यातायात पुलिस द्वारा तत्काल ढाई हजार रुपये का चालानी कार्रवाई की जाएगी। चोरी और अन्य घटनाओं को रोकने के लिए पूरे मैरिज हॉल को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखना अनिवार्य है। कैमरे की रिकॉर्डिंग 30 दिन तक संरक्षित रखनी होगी। मैरिज गार्डन में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। संचालकों को एक शपथ पत्र भी देना होगा,जिसमें अग्निशामक यंत्रों की पर्याप्त व्यवस्था रखने का वचन शामिल है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करना होगा। रिहायसी क्षेत्र में दिन में 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि नहीं होनी चाहिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ये सभी निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्रमुख एवं कड़े निर्देश रजिस्ट्रेशन और टैक्स अनिवार्य

सभी होटल और मैरिज गार्डनों का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। जिन प्रतिष्ठानों का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा,उन पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) हर हाल में लेना होगा। बकाया टैक्स (जिसमें कचरा उठाने के लिए लगने वाला टैक्स भी शामिल है) नगर निगम में जमा करना अनिवार्य होगा।

## खबर संक्षेप



### जगतदेव तालाब रोड पर दुकान में भीषण आग

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जगतदेव तालाब रोड पर नाले के बगल में मोटर लाइन में स्थित एक दुकान में बीती रात भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान और दुकान के भीतर रखा हुआ सामान धू-धू कर जल गया,जिससे भारी नुकसान होने का अनुमान है। दमकल विभाग ने पाया काबू: घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने त्वरित सक्रियता दिखाते हुए आग पर काबू पाया,जिससे आग आसपास की दुकानों में फैलने से बच गई। घटना का कारण फिलहाल अज्ञात है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पुलिस ने 9 स्थाई और 1 गिरफ्तारी वारंटी को दबोचा

**सतना।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा के निर्देशानुसार,फरार वारंटियों की धर-पकड़ के लिए चलाए गए कॉम्बिंग गश्त अभियान के दौरान सतना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन और प्रेमलाल कुर्वे,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) सतना, एवं रघु केशरी,एसडीओपी नागौद,के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उचेहरा और उनकी टीम ने सक्रिय कार्यवाही करते हुए कुल 10 वारंटियों को दस्तयाब किया है। इनमें 09 स्थाई वारंटी और 01 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। उचेहरा थाना क्षेत्र में पकड़े गए वारंटी विगत 08 माह से लेकर 15 वर्ष तक की अवधि से फरार चल रहे थे। सभी वारंटियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। वारंटी रामबहोर सिंह (रामगोपाल सिंह) अतरहार, उचेहरा 04 वर्ष श्रीमान विशेष न्यायाधीश विद्युत ग्रामीण सतना,अंजू कोल (किरतईया कोल) विचवा, उचेहरा 08 माह जेएमएफसी उचेहरा रामकलेश कोल (भिम्मा कोल) विचवा,उचेहरा 08 माह श्रीमान जेएमएफसी उचेहरा अप्पू यादव (भुल्ली यादव) रामपुर पाठा,उचेहरा 02 वर्ष श्रीमान जेएमएफसी उचेहरा बद्री सिंह (राम अवतार सिंह) अतरहार,उचेहरा 04 वर्ष श्रीमान जेएमएफसी उचेहरा जुगराज सिंह गोंड (दयाराम सिंह) पिपरा,उचेहरा 02 वर्ष श्रीमान जेएमएफसी उचेहरा शैलेन्द्र चौधरी (जयराम चौधरी) खरवाही, रामपुर बघेलान 09 माह श्रीमान जेएमएफसी उचेहरा रामखेलावन रजक (रामदीन रजक) बाबूपुर, उचेहरा 11 वर्ष श्रीमान जेएमएफसी उचेहरा विक्कू कोल (श्यामलाल कोल) कुल्हडिया, उचेहरा 15 वर्ष श्रीमान जेएमएफसी उचेहरा है। गिरफ्तारी वारंटी कैलाश दाहिया (श्यामलाल दाहिया) परसमनिया,उचेहरा 03 वर्ष है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनाः जन्मस्थान और मैहर जिले से 400 तीर्थयात्रियों के लिए रथयात्रा राम-मदुरै के लिए

**सतना/मैहर।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी और मैहर जिले के कुल 400 वरिष्ठजन राम राम-मदुरई की तीर्थ यात्रा के लिए विशेष भारत ट्रेन निकाली गई। सतना जिले से 200 पात्र वृद्धजन दोपहर 12.30 बजे सतना जिले से रेलवे स्टेशन से प्रस्थान किया गया। सांसद गणेश सिंह ने पदाधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर में अपने जनसंपर्क कर स्वागत किया और सभी तीर्थयात्रियों से मिलकर उन्हें सकुशल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नामांकित एलआर जांगड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 69वीं राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

**सतना।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (नेट बॉल) 2025 की शानदार शुरुआत। इस प्रतियोगिता में राज्य के 9 सरदारों से 19 साल के बाल-बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री श्रीमती बागरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल में हार्नेस वाला भी सीख लेकर आगे बढ़ता है और खिलाड़ी बड़ी उपलब्धि हासिल करता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के लक्ष्य से खिलाड़ी भावना का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट खेल और अपना प्राप्त करने की पेशकश की। सांसद गणेश सिंह ने कहा,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंडिया गेमो' है, जिसमें कहा गया है कि प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर खेल मैदानों की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

## आग लगाई, उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज

# मरवा में बच्चों के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**सतना।** जिले के जैतवारा थाना क्षेत्र के मरवा गांव में बच्चों के मामूली विवाद ने शनिवार देर रात दो पक्षों के बीच गंभीर झड़प का रूप ले लिया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार,बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद दोनों पक्षों के परिजन आमने-सामने आ गए। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर मारपीट की और सामान तोड़ दिया। दोनों ही पक्ष मुस्लिम समुदाय से हैं और इस विवाद ने जल्द ही तनाव का रूप ले लिया। झगड़ा बढ़ने पर दोनों पक्षों



पर पुलिस को भ्रमित करने के आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि एक पक्ष ने अपनी मोटरसाइकिल को खुद ही आग लगा दी,ताकि दूसरे पक्ष को दोषी ठहराया जा सके। वहीं,दूसरे पक्ष ने पनी झोपड़ी में आग लगाकर कपड़े से बुझाने का नाटक किया। इस पूरे घटनाक्रम के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। जैतवारा थाना प्रभारी अभिषेक पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट,आगजनी और धमकी देने के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस वीडियो फुटेज और बयान लेकर घटना की विस्तृत जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने और गलत कृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन,नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए,थाना बदेरा पुलिस टीम ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ गलत कृत्य करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष 02 माह के घर से



बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान,नाबालिग बालिका को कल दिनांक 22/11/25 को ग्राम राकई बसेडी खेत,थाना करेली,जिला नरसिंहपुर से खोजकर बरामद किया गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आरोपी सूरज कोल उसे बहला-फुसला कर भगा ले गया था और उसके साथ गलत संबंध बनाए। इस खुलासे के बाद,आरोपी सूरज कोल निवासी ग्राम बगहईया,थाना बरही,जिला कटनी के विरुद्ध पूर्व से पंजीकृत प्रकरण में धारा 64(2)(m), 96 बीएनएस एवं 4, 5I, 6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया।आरोपी सूरज कोल (पिता मनसुखलाल कोल,उम्र 19 वर्ष,निवासी ग्राम बगहईया,थाना बरही,जिला कटनी) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह (भा.पु.से.) के सख्त निर्देशन पर,उचेहरा थाना पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।यह सक्रिय कार्रवाई प्रेमलाल कुर्वे,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) सतना,और रघु केशरी नागौद,के मार्गदर्शन में की गई।थाना प्रभारी उचेहरा और उनकी टीम ने आरोपी को फरार होने का मौका दिए बिना,त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना उचेहरा की निवासी एक फरियादिया (पीड़िता) ने थाना उचेहरा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार,उसके चचेरे भाई लुका उर्फ दीनदयाल कुशवाहा ने उसे घर में खाना बनाने के बहाने बुलाया और घर के अंदर उसके साथ गलत काम किया। फरियादिया की शिकायत पर,थाना उचेहरा में तत्काल अपराध क्रमांक 436/25 के तहत धारा 64(1) और 127(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए,पुलिस टीम को तुरंत रवाना किया गया। पुलिस ने बिना किसी देरी के आरोपी लुकाउर्फ दीनदयाल कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद,आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# ग्रामोदय विवि में बीएससी कृषि पाठ्यक्रम की रिक्तियां 28 नवंबर को और 3 दिसंबर को




सतना।

महात्मा गांधी पुरातत्व ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बीएससी कृषि पाठ्यक्रम की रिक्तियां 28 नवंबर को और 3 दिसंबर को होंगी। अध्यक्ष समिति के प्रो एचएस एस.प्रो कुशवाहा के अनुसार रिलेटेड कोलैबोरेटरी पेमेन्ट सीट की काउंसलिंग तिथि 28 नवंबर को यूनिवर्सिटी में सहभागी प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रो.कुशवाह के अनुसार, 17 और 18 नवंबर को 17 और 18 नवंबर को 17 और 18 नवंबर को आयोजित किए गए विषयवार/श्रेणी वार का साक्षात्कार आयोजित किया गया था। इस परिणाम में ग्रामोदय विश्वविद्यालय में काउंसिलिंग 2 एवं 3 दिसंबर को प्रोफेसरों के प्रवेश द्वार का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट को देखने के लिए डीओडी स्तर की प्रवेश-संबंधी संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई है।

## एकेएस विश्वविद्यालय के छात्र सौम्या का अंतरिक्ष विभाग में चयन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,के बी.टेक कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी के मेधावी छात्र सौम्या तिवारी ने अकादमिक उत्कृष्टता और तकनीकी छात्रों के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।उनका चयन राष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसंधान प्रयोगशाला (एनआरआरएल), गडकी,आंध्र प्रदेश,जो भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग द्वारा संचालित अनुसंधान प्रमुख संस्थान है,में चार माह की इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट कार्य हुआ है। इंटर्नशिप की अवधि में सौम्या तिवारी उन्नत अनुसंधान प्रयोगशाला,डेटा वैज्ञानिक अध्ययन और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े प्रौद्योगिकी संकाय के प्रमुख अनुभव प्रकाशित होंगे,जो उनके व्यवसाय में अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। इस उपलब्धि पर डॉ. अविश्वासी ए. वाऊ,डॉ.जी.के.प्रधान,डॉ.शेखर गौतम विभाग के अध्यक्ष-सीएसई सहित विश्व विद्यालय प्रबंधन और समग्र समग्रगणों ने छात्र सौम्या तिवारी को शुभकामनाएं देते हुए इसे विश्व विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया।

# ट्रेड यूनियनों का राष्ट्रव्यापी विरोध 'काली श्रम संहिताओं' के खिलाफ प्रदर्शन

सतना।



केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं के विरोध में आगामी 26 नवंबर को देशव्यापी विरोध दिवस की तैयारी के लिए टीयूसी (ट्रेड यूनियन काउंसिल) सतना की एक महत्वपूर्ण बैठक भारत पेंशनर समाज कार्यालय में आयोजित की गई। टीयूसी महासचिव कॉमरेड संजय सिंह तोमर ने बताया कि इस जनविरोधी कानून के विरोध में सतना में सभी यूनियनें 24 और 25 नवंबर को स्वतंत्र रूप से काली पट्टी बांधकर काली श्रम संहिताओं को जलाएँगी। इसके बाद,26 नवंबर को सुबह 11 बजे सभी ट्रेड यूनियनें संयुक्त रूप से सतना के टाउन हॉल में एकत्रित होंगी और सेमरिया चौक स्थित अंबेडकर मूर्ति के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगी। विरोध प्रदर्शन के उपरांत,राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा जाएगा। बैठक में सतना टीयूसी के संरक्षक हरि प्रकाश गोस्वामी,अध्यक्ष टीपी पाण्डेय,महासचिव संजय सिंह तोमर,सीटू के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेजप्रताप दुबे,एटक के प्रादेशिक संयुक्त महासचिव राम सरोज कुशवाहा,इंटक के प्रादेशिक उपाध्यक्ष शंकर सिंह तिवारी,सतना इंटक संतोष पांडे,एसडीआईईए (बीमा) सतना के महासचिव धर्मेंद्र सिंह बघेल,और एमपीएमएसआरयु (सीटू) सतना इकाई के अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार उपस्थित रहे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काव्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## आत्मनिर्भर पंचायत, समृद्ध मध्यप्रदेश

**पन्ना।** प्रदेश की पंचायतों को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तीन दिन तक मंथन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय कार्यशाला और वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ व प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। भोपाल में 24, 25 एवं 26 नवम्बर को तीन दिवसीय आत्मनिर्भर पंचायत समृद्ध मध्यप्रदेश पर केन्द्रित कार्यशाला का उद्देश्य पंचायतों को आत्मनिर्भर के साथ समृद्ध बनाना है। कार्यशाला में त्रिस्तरीय पंचायत से जुड़े जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली कार्यशाला में पंचायतों के लिए स्वनिधि से समृद्धि अभियान की अवधारणा, शहरीकरण के साथ सामंजस्य, वाटरशेड परियोजना का क्रियान्वयन एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छ ग्राम, विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम पोषण की वर्तमान स्थिति एवं सफल क्रियान्वयन सहित प्रशासनिक रूप से सक्षम पंचायत, प्रश्न-उत्तर इत्यादि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। पन्ना जिले की भी ग्राम पंचायत शाहनगर का चयन सर्वाधिक स्वयं आय वाली ग्राम पंचायत की श्रेणी में किया गया है।

## गुप्ता बस संचालक कमलेश गुप्ता का दुखद निधन



**पन्ना।** शहर के कटरा मोहल्ला निवासी पूर्व गुप्ता बस संचालक कमलेश गुप्ता का दुखद निधन हो गया है। वह 55 वर्ष के थे और कटरा मोहल्ला, पन्ना के निवासी थे, हालांकि वर्तमान में इंदौर में रह रहे थे। उनका कल रात समय 2 बजे स्वास्थ्य खराब हुआ था। 23 नवंबर, 2025 की रात इंदौर में भर्ती होने के बाद आज सुबह 5 बजे दुःखद निधन हुआ है। श्री गुप्ता राजेश गुप्ता (माँ शारदा भोजनालय) के छोटे भाई थे, और अनिल कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार और सुरेंद्र कुमार के चचेरे भाई थे। उनके परिवार में उनकी दो बेटियां-साक्षी और शिक्षा, और एक बेटा - जय गुप्ता हैं। वह उनके पिता थे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 5 बजे पन्ना के धर्म सागर मुक्ति धाम में किया जाएगा। यह खबर पन्ना और इंदौर के व्यापारिक व सामाजिक हलकों में शोक की लहर फैला गई है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

## नगर के प्रतिष्ठ किराना व्यापारी रक्कू छिरोलिया का दुखद निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**अमानगंज-** आज के समय में लगातार बिगड़ रही खान-पान के चलते अब लोगों की जिंदगी का कोई ठिकाना नहीं रहा और लोग असमय मौत के गाल में समा रहे हैं ऐसे ही एक दुखद खबर पन्ना जिले के अमानगंज नगर से सामने आई है, जिसने पूरे व्यापारी संघ एवं क्षेत्र को झकझोर दिया है, दरअसल रविवार की सुबह तड़के 6बजे नगर के जाने- माने प्रतिष्ठित व्यवसायी पवन पैलेस अमानगंज के संचालक रक्कू छिरोलिया की हृदय गति रुक जाने से दुखद निधन हो गया। इस दुखद घटना की जानकारी जैसे ही क्षेत्र के लोगों को लगी तो पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है वहीं व्यापारी संघ ने भी इसे व्यापारिक क्षेत्र में बड़ी छती बताया है और शोक संवेदनाएं व्यक्ति की।

# पांच गांव पांच दिन से अंधेरे में बिल वसूली के नाम पर सामूहिक दंड! शासन, प्रशासन और विद्युत कंपनी पर भारी

**पन्ना।**

देवेन्द्रनगर तहसील के ग्राम गुखौर, राजापुर, दौअनटोला, मड़ई सहित पांच गांवों की विद्युत सप्लाई पिछले पांच दिनों से बंद है। सरपंचों और विद्युत मंडल से पूछताछ पर ग्रामीणों को बताया गया कि यह कार्रवाई बकाया बिल वसूली के उद्देश्य से की गई है। गांववाले इसे तानाशाही, अमानवीय और पूरी तरह असंगत कदम बता रहे हैं। ग्रामीणों की ओर से शासन, प्रशासन और विद्युत वितरण कंपनी तीनों पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि किस प्राधिकरण ने और किस आधार पर यह कठोर कदम उठाया।

### ईमानदार उपभोक्ता भी दंडित क्यों?-

गांवों में अनेक उपभोक्ता हर माह समय पर अपना बिल जमा करते हैं, फिर भी उन्हें बकायेदारों की श्रेणी में शामिल कर सामूहिक दंड दिया जा रहा है। ग्रामीणों का प्रश्न हैकृयदि हजार उपभोक्ताओं में एक भी उपभोक्ता ने नियमित बिल चुकाया है, तो वह क्यों सजा भुगते?

### मुफ्त बिजली व चुनावी घोषणाओं का दुष्प्रभाव-

ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की मुफ्त बिजली, बिल माफी और चुनावी घोषणाओं ने उपभोक्ताओं को निर्भर व गैर-जिम्मेदार बना दिया है। 'एक बत्ती' और ठप्प कनेक्शन के नाम पर बस 100 में फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन, इन्वर्टर, इंडक्शन, हीटर, गीजर व दोपहिया चार्जिंग तक चल रही है। इससे लाइनों पर ओवरलोड बढ़ता है और विभाग अक्सर सामूहिक कटौती जैसा कदम उठा लेता है।

### कटु तथ्य बिल जमा नगण्य, पर सामूहिक सजा अनुचित और गैरकानूनी-

ग्रामीण मानते हैं कि बिल जमा अत्यंत कम होता है, पर उनका स्पष्ट मत हैकृगलती चाहे कितनी भी हो, दंड उन पर नहीं लगाया जाना चाहिए जो गलती पर नहीं हैं। और सबसे महत्वपूर्णकृपूरे गांव की लाइट काटने का ऐसा कोई नियम मौजूद ही नहीं है।

### घूसखोरी, चोरी और अत्यधिक लोडकृजमीनी अव्यवस्था-

ग्रामों में लग्घी से मोटर चलाकर खेतों में बिजली चोरी आम है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई फील्ड कर्मचारी "हफ्ता" लेकर इस अवैध उपयोग को अनदेखा करते हैं। कई किसान कनेक्शन की क्षमता से कई गुना उपयोग करते हैं और चुनावी बिल माफी ने बिल न भरने की प्रवृत्ति बढ़ा दी है। इसके लिए शासन-प्रशासन और विद्युत वितरण कंपनी दोनों की जवाबदेही सामने आती है।

### लिखित आदेश नहीं फिर किसके निर्देश पर काटी गई सप्लाई?-

डीई से जब ग्रामीणों ने पूछा कि सप्लाई बंद करने का लिखित आदेश कहां है, तो उन्होंने स्वीकार किया कि कोई लिखित आदेश नहीं, केवल "ऊपर से मौखिक निर्देश" हैं। बिना आधिकारिक




प्रावधान और नोटिस के पूरी आबादी को अंधेरे में डाल देना ग्रामीणों ने मनमाना और गैरकानूनी बताया है।

### अंधेरा और तबाही-चिकित्सालय के जीवनरक्षक उपकरण भी बंद-

विद्युत कटौती ने गांवों की रोजमर्रा की ज़िंदगी ठप कर दी हैकृविद्यार्थी पढ़ाई नहीं कर पा रहे, खेतों में सिंचाई रुकी है, पीने और खाना बनाने के पानी की किल्लत है, बुजुर्ग व बच्चें परेशान हैं और चिकित्सालय के जीवनरक्षक उपकरण भी बंद पड़ गए जिससे कई मरीजों का इलाज बाधित हुआ है। रात में छेड़खानी, राहजनी और चोरी का खतरा बढ़ गया है; बैंकिंग, ऑनलाइन सेवाएं, मोबाइल-लैपटॉप चार्जिंग, एमपी ऑनलाइन आदि सभी ठप हैं। ग्रामीणों का कहना है"इन गांवों में जिंदगी थम सी गई है।"

### मांग उच्चस्तरीय जांच और दोषियों को सजा मिले-

गांवों ने स्पष्ट मांग की है कि इस गैरकानूनी और सामूहिक कार्रवाई की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र जांच कराई जाए और यदि किसी भी स्तर परकृकर्मचारी, विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी या प्रशासनकृकी गलतियाँ पायी जाती हैं तो उन्हें दंडित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि इससे ही दोबारा किसी अन्य गांव को सामूहिक सजा देने की घटना रुकेगी।

### तत्कालिक प्रार्थना-सप्लाई बहाल और वैधानिक प्रक्रिया अपनाई जाए-

ग्रामीणों की अंतिम मांग है कि बकायेदारों की अलग सूची बनाकर केवल उन्हीं पर वैधानिक कार्रवाई की जाए और नियमित बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की सप्लाई तुरंत बहाल की जाए। साथ ही शासन-प्रशासन और विद्युत वितरण कंपनी को यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में बिना लिखित आदेश व कानूनी प्रक्रिया के ऐसा मनमाना कदम दोबारा न उठे।

# पुलिस द्वारा गुनौर थाना क्षेत्र में हुई सायबर ठगी (सेक्सटॉर्शन) के मामले में एक और फरार आरोपी को अलवर (राजस्थान) से किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों द्वारा फरियादी का अश्लील वीडियो बनाकर ठगे गए थे लगभग 10 लाख 80 हजार रुपये**



**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले में पंजीबद्ध विभिन्न गंभीर अपराधों के फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष निर्देश दिए गए हैं। साथ हि ऐसे आरोपियों पर 05-05 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। इन्हीं निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर विशेष टीमें गठित कर फरार आरोपियों की धरपकड़ लगातार की जा रही है। इसी तारतम्य मे थाना गुनौर में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 14/23, जिसमे आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर फरियादी का अश्लील वीडियो बनाकर फरियादी से 10 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की गई थी। उक्त मामले में पूर्व में 03 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि 02 आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी लगातार तलाश की जा रही थी। गुनौर थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों की लगातार तलाश एवं पतारसी की जा रही थी। जांच के दौरान सायबर सेल पन्ना से तकनीकी सहायता प्राप्त की गई। तकनीकी इनपुट एवं मुखबिर सूचना के आधार पर टीम को जानकारी मिली कि मामले का एक फरार आरोपी मोहम्मद मुसर्रफ पिता मूसा खान, जिला डींग (राजस्थान में रह रहा है। तत्पश्चात, गुनौर थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम राजस्थान रवाना हुई जहां दबिश देकर आरोपी मोहम्मद मुसर्रफ पिता मूसा खान, जिला डींग (राजस्थान को अलवर (राजस्थान) से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को विधिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय पेश किया गया। उक्त प्रकरण मे फरार 01 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी-** मोहम्मद मुसर्रफ पिता मूसा खान, जिला डींग राजस्थान

**जप्ती -** आरोपी के कब्जे से 01. एक च्ै मशीन, 02. 05 चौक बुक अलग- अलग बैंक खातों की 03. 05 पासबुक अलग- अलग बैंक खातों की 04. एक मोटरसाईकिल 05. 02 मोबाईल फोन 06. नगद 2300 रूपए

**सराहनीय योगदान-** थाना प्रभारी गुनौर निरी. माधवी अग्निहोत्री, प्र.आर. मनीष कश्यप , मुकेश शर्मा आर. शिवेन्द्र सिंह, श्यामसुंदर एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

**महुआडाँडा ग्राम एवं विपतपुरा में विद्युत विभाग अमानगंज ने की छापामार कार्यवाही**

# नदी पर रखीं सिचाईं वाली मोटर एवं क्वालें जप्त



**अमानगंज** विद्युत विभाग अमानगंज द्वारा रविवार को दोपहर 3 बजे महुआडाँडा ग्राम एवं विपतपुरा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। विभागीय टीम ने नदी पर अवैध रूप से रखी गई सिंचाई हेतु उपयोग होने वाली मोटरें एवं क्वालें (तार) जप्त कर लीं।बिजली चोरी रोकथाम अभियान के तहत की गई। इस कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने किसानों व स्थानीय लोगों को अवैध कनेक्शन न लगाने की सख्त चेतावनी दी। विभाग ने बताया कि बिना अनुमति बिजली उपयोग करने वालों के खिलाफ आगे भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास औचक निरीक्षण



**अमानगंज** शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास अमानगंज का कलेक्टर महोदया श्रीमति ऊषा परमार जी ने आज गुनौर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार श्री मती ममता मिश्रा जी के साथ औचक निरीक्षण किया छात्रावास की साफ-सफाई एवं भोजन गुणवत्ता को देखकर अधीक्षिका सुषमा तिवारी से प्रसन्नता जाहिर की तकरीबन आधा घंटा तक अधीक्षिका सुषमा तिवारी जी के साथ संस्था की संचालन संबंधी सभी गतिविधियों पर पूंछताछ की एवं बड़े ही सहज और सरल स्वभाव से मार्गदर्शन देकर तहसील अमानगंज के लिए निकल गईं निरीक्षण के समय संस्था की सभी व्यवस्थाएं अच्छी रही सभी कर्मचारी उपस्थित मिले।



# शाहनगर के खमतरा गाँव मे नाले में डूबा युवक पुलिस जांच में जुटी

**शाहनगर।**

थाना क्षेत्र के खमतरा गांव में शनिवार शाम करीब 6:30 बजे, 22 वर्षीय रविन्द्र सिंह, पिता शंकर सिंह देर शाम तक वापस नहीं लौटे। जब वह नहीं आए, तो परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान चितावर नाले के पास जब ग्रामीण पहुँचे, तो नाले के अंदर रविन्द्र सिंह का शव मिला। शव मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और गांव में मातम छा गया। परिजनों का रोकृरोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना रात 8रू30 बजे थाने में दी गई। पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची, पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# एसएनसीयू पन्ना की टीम सजगता से दोनों बच्चियों को मिला नया जीवन

# कम समय एवं कम वजन की जुड़वा बच्चियों को मिला जीवनदान

**पन्ना।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ़ में दिनांक 19 अक्टूबर को जुड़वा बच्चियों का जन्म हुआ जो की अत्यधिक कम गर्भावस्था एवं कम वजन की थी बच्चों की स्थिति को देखते हुए अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बच्चियों को एसएनसीयू पन्ना लाया गया था भर्ती के समय पहली बच्ची का बजन 720 ग्राम एवं दूसरी बच्ची का बजन 930 ग्राम था एवं मां के पेट में उनकी उम्र 28 सप्ताह थी एस एन सीयू प्रभारी डॉक्टर योगेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि सामान्य शिशु का बजन 2500 ग्राम या उससे अधिक हो है और एवं वह मां के पेट में 37 सप्ताह तक रहता है तभी वह स्वस्थ रहता है। समयपूर्व एवं कम वजन के शिशुओं के अंगों का विकास ठीक से नहीं हो पाता है इसलिए उनमें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है एवं इस वजह से उनमें मृत्यु दर भी बहुत अधिक होती है जितना गर्भावस्था के समय एवं बजन कम होगा उतनी ही शिशु के बचने की उम्मीद कम रहती है। चूंकि जुड़वा शिशु थे इसलिए चुनौती और अधिक हो गई थी फिर भी एस एन सी यू प्रभारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ योगेन्द्र चतुर्वेदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेद्र खरे, डॉ रमेश चंद्र केसरी, स्टाफ नर्स इंचार्ज नीता पटेल सहित समस्त स्टाफ द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार पूरी तन्मयता के साथ शिशुओं का उपचार किया गया कि पूरी टीम ने तन्मयता के साथ इस बात का



विशेष ध्यान रखा की बच्चियों के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की कोई कमी ना रह जाए जिसके परिणाम स्वरुप दोनों बच्चियों को नया जीवनदान मिल गया वही चित्रकूट की टीम द्वारा भी शिशुओं का नेत्र परीक्षण होता रहा बाद में प्रथम शिशु की आंखों में मामूली दिक्कत आई इसका बेहतर उपचार प्रदान किया गया दूसरे शिशु की आंखों में किसी भी तरह की कोई खराबी नहीं पाई गई शिशुओं की स्थिति में लगातार सुधार होता रहा पहले उन्हें नली के द्वारा मां का दूध दिया गया उसकी मात्रा बड़ाते गए एवं और सुधार होने पर कटोरी चम्मच से दूध देना प्रारम्भ कर दिया गया शिशु के परिजनों को बच्चों की उचित देखभाल एवं शिशुओं को दूध पिलाने के बारे में आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया एवं स्टाफ की निगरानी में बच्चों की देखभाल करवाई गई संतुष्ट होने पर शिशुओं के परिजनों की इच्छा अनुसार एक माह बाद शिशुओं की छुट्टी कर दी गई डिस्चार्ज के समय प्रथम शिशु का बजन 913 ग्राम एवं दूसरे शिशु का बजन 1200 ग्राम हो गया था एस एन सी यू प्रभारी डॉ योगेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि सामाजिक आर्थिक राजनैतिक कारणों की वजह से संपूर्ण भारतवर्ष में पन्ना जिले की शिशु एवं मातृ मृत्यु दर बहुत अधिक है एवं यहां पर लिंग भेदभाव की भी समस्या है इसके अलावा कई बार संपूर्ण मध्य प्रदेश के एस एन सी यू के डेटा का विश्लेषण करने पर पाया गया है कि मध्य प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में पन्ना जिले में कम वजन एवं कम गर्भावस्था विशेष कर 1000 ग्राम से कम वजन के शिशुओं की संख्या लगभग दुगनी रहती है जैसा कि पूर्व में उल्लेख किया गया है कि कम गर्भावस्था एवं कम वजन के शिशुओं की मृत्यु दर बहुत अधिक होती है शिशुओं के इलाज की कार्य पद्धति का विश्लेषण करने पर कुछ बिंदु बहुत महत्वपूर्ण थे -लिंग भेद की पुरानी मानसिकता को दरकिनार करते हुए शिशु के परिजनों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया शिशुओं की मां को तनाव रहित पर्याप्त नींद और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हुआ, शिशुओं की मां एवं उसके परिजनों द्वारा निर्धारित कंगारू मदर केयर (ज्ञडब)प्रदान की गई उसके फल स्वरुप पर्याप्त मां का दूध उपलब्ध हो सका एवं पाउडर के दूध की जरूरत नहीं पड़ी ये सत्य है है कि मां का दूध सर्वोत्तम होता है एवं पोषण के अलावा शिशु को बीमारियों से भी बचाता है प्रसव पूर्व शिशुओं की मां को डेक्सामेथासोन इंजेक्शन दिया गया था जिसकी वजह से शिशुओं में होने वाली अति गंभीर बीमारी रेस्पिरेट्री डिस्ट्रेस सिंड्रोम (त्क्ै)से बचाव हो सका, एस एन सी यू के स्टाफ एवं शिशु के परिजनों द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार संक्रमण रोधी गाइडलाइन का पूर्णतः पालन किया गया। जिसकी वजह से शिशुओं को इतनी लंबी समयावधि में भी संक्रमण नहीं हुआ एवं उन्हें एंटीबायोटिक देने की आवश्यकता नहीं पड़ी,इंजेक्शन कैफीन का प्रोटोकॉल के अनुसार उपयोग किया गया जिसकी वजह से शिशुओं को एपनिया (चदपं)से बचाया जा सका।

# राजापुर सरपंच बेटूलाल चौधरी ने कलेक्टर से लगाई गुहार, 20 साल पुराने भूमि विवाद पर न्याय की माँग

**पन्ना।**

जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत राजापुर में राजस्व विभाग की लापरवाही से आदेश नहीं हुआ लागू; 86.8880 हेक्टेयर भूमि पर ग्रामीणों को आज भी नहीं मिला वैध स्वामित्व 2004 से लंबित आदेश, पर ज़मीनी कार्रवाई शून्य राजापुर ग्राम पंचायत के सरपंच बेटूलाल चौधरी ने कलेक्टर पन्ना को ज्ञापन सौंपकर बताया कि 10 अगस्त 2004 को राज्य मंडल ग्वालियर द्वारा 86.8880 हेक्टेयर भूमि शासन के पक्ष में घोषित की गई थी। आदेश में स्पष्ट था कि 16 चौधरी समाज के लोगों द्वारा खरीदी गई भूमि को सुरक्षित रखा जाएगा और शेष भूमि शासनाधीन रहेगी। लेकिन 20 वर्ष बीत जाने के बावजूद इस आदेश को मौके पर पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों में गहरा असंतोष है, क्योंकि वे आज भी अपने वैध अधिकारों के लिए भटक रहे हैं।


### गलत प्रविष्टियाँ, अधूरी जांच और विभागीय शिथिलता उजागर-

सरपंच चौधरी ने कहा कि भूमि से जुड़े कई खातों में गलत प्रविष्टियाँ हैं जो वर्षों से सुधारी नहीं गईं। आदेश होने के बावजूद न तो मौके पर सीमांकन हुआ, न ही विवादित भूखण्डों की राजस्व रिकॉर्ड में सही ढंग से एंट्री की गई। ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने पर भी विभागीय अमला सिर्फ कागजी कार्यवाही में उलझा रहा। कई भूखंडों को "अंतरित खातेदारी" बताकर रोक दिया गया, जबकि 2004 का आदेश इस भूमि को स्पष्ट रूप से शासनाधीन घोषित करता है।

### शासन के कई पत्र जारी, लेकिन कार्रवाई एक भी नहीं-

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 2010, 2018 और 2019 में कलेक्टर कार्यालय तथा राजस्व विभाग द्वारा बार-





बार आदेश जारी किए गए। 08 मार्च 2018 और 11 अप्रैल 2018 को विशेष निर्देश दिए गए थे कि 2004 के आदेश के अनुसार भूमि की प्रविष्टियाँ संशोधित की जाएँ, फिर भी फील्ड स्तर पर कोई प्रगति नहीं हुई। 14 मई 2018 को तहसील देवेंद्रनगर द्वारा जारी विवरणी में सभी तथ्य उपलब्ध होने के बावजूद न तो सत्यापन हुआ, न ही ग्रामीणों को पट्टे सौंपे गए। इससे यह स्पष्ट होता है कि शासन की इच्छाशक्ति के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई।

### ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा

सरपंच चौधरी ने बताया कि भूमि की स्थिति स्पष्ट न होने से ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, भूमि संबंधी ऋण, फसल बीमा, और पट्टा आधारित योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे। कई परिवार वर्षों से सरकारी योजनाओं से वंचित हैं, क्योंकि राजस्व विभाग ने न तो सीमांकन कराया और न ही स्वामित्व दिया। उन्होंने कहा कि "भूमि अभिलेखों की गड़बड़ी के कारण लोग न अपना घर बना पा रहे, न फसल बेच पा रहेकृयह सीधी प्रशासनिक लापरवाही है।"

### सरपंच की भावुक अपीलक अभी नहीं मिला न्याय, तो कब मिलेगा?

कलेक्टर से हस्तक्षेप की माँग करते हुए सरपंच चौधरी ने कहा कि ग्रामीण 20 साल से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहाकृ "बार-बार आदेश होते हैं, पर अमल शून्य रहता है। अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों के साथ खुला अन्याय होगा।" उन्होंने कलेक्टर से आदेश का तत्काल पालन कराने, गलत प्रविष्टियाँ हटाने और ग्रामीणों को उनका वैध स्वामित्व दिलाने की अपील की।

**खबर संक्षेप**



## ग्राम हमा में पुलिस ने पकड़ी 22 पेटी अवैध शराब

**छतरपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना कोतवाली पुलिस को विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम हमा में अवैध शराब संग्रह संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंची। एक घर में विधिवत तलाशी ली गई, अवैध शराब पाई गई। 22 पेटी अवैध शराब मात्रा करीब 198 लीटर कीमत करीब सवा लाख रुपये बरामद की गई। अवैध शराब में संलिप्त आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरार आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, प्रधान आरक्षक संदीप तोमर, राजेंद्र बागरी, शैलेंद्र सिंह, आरक्षक अखंड प्रताप सिंह, घनश्याम, महिला आरक्षक रोली सिंह की भूमिका रही।

## दक्ष प्रतिभा खोज परीक्षा में 1237 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग




**छतरपुर।** शहर के नारायणपुरा रोड स्थित दक्ष फार्मेसी कॉलेज में रविवार को दक्ष प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और महोबा जिले के बारहवीं के विज्ञान संकाय (गणित एवं जीवविज्ञान) तथा कला संकाय के कुल 1237 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार भी रखा गया, जिसमें कॉलेज के डायरेक्टर श्री अजय लाल, एडवाइजरी चेयरमैन अशोक लाल निगम, डायरेक्टर डेवलपमेंट डॉ. प्रशांत गुप्ता, प्राचार्य डॉ. विजय निगम, प्राचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा, विधि विशेषज्ञ प्रमोद श्रीवास्तव, मोटिवेशनल स्पीकर श्री संदीप विश्वकर्मा, इंजीनियरिंग विशेषज्ञ सुनील तिवारी, कैरियर विशेषज्ञ डॉ. रेखा गौर एवं श्री शैलेन्द्र मोदी ने छात्रों को विभिन्न करियर अवसरों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। परीक्षा का आयोजन रविवार, 23 नवंबर 2025 को सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ, जो तीन पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा एक घंटे की बहुविकल्पीय प्रश्नपत्र आधारित थी, जो बारहवीं बोर्ड परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रारूप पर आधारित थी। कॉलेज के डायरेक्टर ने परीक्षा के अंत में सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। परीक्षा निःशुल्क थी तथा स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे कई विद्यार्थी अंतिम समय में भी परीक्षा दे सके। परीक्षा परिणाम 26 दिसंबर 2025 को घोषित किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 'छतरपुर जीनियस का खिताब व एंड्रॉयड टैबलेट दिया जाएगा। द्वितीय स्थान पर रहने वाले को साउंड फीस्ट मिलेगा। तृतीय स्थान पर आने वाले को वायरलेस हेडफोन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्राविण्य सूची के 30 अन्य छात्रों को सांत्वना पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। विद्यार्थी 26 दिसंबर को अपना परिणाम महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी देख सकेंगे।

# मेडिकल कॉलेज का विधायक ने किया निरीक्षण



**छतरपुर।** 450 करोड़ की लागत से बन रहे महाराजा छत्रसाल मेडिकल कॉलेज बुंदेलखण्ड के लोगों के लिए यह एक बहुत बड़ी सौगात है और इसका लोकर्पण हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अप्रैल 2026 में करेंगे। यह बात आज छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने निर्माणधीन मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान कही। इस दौरान कार्यपालन यंत्री (पीआईयू) के.एस. परस्ते, एस.डी.ओ. इंद्रदेव पटेल और निर्माणकर्ता जे.पी. स्ट्रेक्चर कंपनी के लोग मौजूद रहें।

छतरपुर विधायक ललिता यादव ने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज निर्माण का कार्य नवंबर 2023 में शुरू हुआ था और मार्च 2026 में पूरा कर लिया जायेगा। इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण में बहुत समस्याये आई वरना अब तक तो चालू हो चुका होता। छत्रसाल मेडिकल कॉलेज का निर्माण 42 एकड़ जमीन पर हो रहा है। जिमसें 16 एकड़ जमीन हॉस्पिटल के लिए सुरक्षित की गई है। इसके लिए 3 गेट होगे 2 गेट छतरपुर रोड व एक गेट कैंडी गांव से फोर लाइन पर खुलेगा।

विधायक ललिता यादव ने क्षेत्रवासियों को जानकारी साझा करते हुए बताया कि इसमें नर्स हॉस्टल, डॉ. रेजीडेन्स, 3 लडक्रों एवं 3 लड़कियो के लिए हॉस्टल के साथ ही डी टाइप 10, ई टाइप 20, एफ टाइप 32, 4 टाइप 8 और आई टाइप 20 क्वार्टस भी बनाये गए है। इसके साथ ही डीन वंगला, सुपरडेन्ट बंगला, 10 कमरो वाला गेस्ट हाउस, 10 दुकानों वाला शॉपिंग काम्पलेक्स, मल्टी पर्पज हाल जिसमें गैम व जिम होगा, बैंक की बिल्डिंग व साथ में एक पुलिस चौकी के लिए बिल्डिंग तैयार की गई है। विधायक ने कार्यपालन यंत्री (पीआईयू) के.एस. परस्ते की पूरी टीम व निर्माण करने वाली कंपनी की प्रशंसा कर बधाई दी कि सभी ने बेहतर कार्य करने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा कि वह बिल्डिंग हेडओवर के तत्काल बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लोकार्पण अप्रैल 2026 में करायेगी। यह मेडिकल कॉलेज छतरपुर ही नही बुंदेलखण्डवासियों के लिए बड़ी सौगात होगी। विधायक श्रीमती यादव ने बताया कि शीघ्र ही महाराजा छत्रसाल मेडिकल कॉलेज के लिए डीन की पदस्थापना करा देगी ताकि विधिवत अप्रैल से कार्य का संचालन हो सके।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, जिला अस्पताल में पीएम के लिए परिजन भटकते



**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सेवड़ी निवासी 23 वर्षीय दीपक उर्फ दीपू पाल पिता रुप्ती पाल और 19 वर्षीय भरत पाल पिता भागीरथ पाल शनिवार देर रात गढ़ीमलहरा से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान महाराजपुर बस स्टैंड के पास सामने से आ रही एक चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा रात करीब 12:30 बजे हुआ।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल दीपू को डॉक्टरों ने ग्वालियर रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सुबह करीब 10 बजे परिजन शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले आए, लेकिन रविवार शाम 4:30 बजे तक पोस्टमार्टम नहीं हो सका। परिजन अस्पताल प्रबंधन के चक्कर लगाते रहे, पर किसी ने उनकी सुनवाई नहीं की। पोस्टमार्टम में देरी को लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं और 181 पर शिकायत दर्ज कराई है।

# दुकान की बिरयानी खाकर युवक बीमार, पुलिस ने लिया सैंपल




**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित स्वादिष्ट चिकन बिरयानी दुकान पर रविवार दोपहर हड़कंप मच गया, जब अजनर थाना, जिला महोबा निवासी भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य पन्नालाल अहिरवार बिरयानी खाने के बाद अचानक बीमार पड़ गए।

जानकारी के अनुसार पन्नालाल अहिरवार एक मरीज को लेकर छतरपुर के निजी अस्पताल आए थे। दोपहर लगभग 12 बजे उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित स्वादिष्ट चिकन बिरयानी दुकान से हाफ प्लेट बिरयानी खरीदी। बिरयानी खाते समय उन्हें बदबूदार स्वाद और गंध महसूस हुई, जिसके कुछ ही देर बाद उन्हें उल्टी होने लगी। जब पीड़ित ने दुकानदार से इसकी शिकायत की तो कथित रूप से दुकानदार ने गाली-गलौज कर दी। इसके बाद पन्नालाल सीधे ओरछा रोड थाना पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी दीपक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकान से बनी बिरयानी को जप्त किया और स्वास्थ्य व खाद्य विभाग को सूचना दी। मौके पर ही बिरयानी के सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि बिरयानी में खराबी पाई जाती है, तो दुकानदार के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर बैठक, मांगें नहीं मानी तो होगा आंदोलन



**छतरपुर।** सफाईकर्मी कांग्रेस ट्रेड यूनियन के नवनियुक्त अध्यक्ष द्वारा रविवार को ऑडिटोरियम के पास स्थित मैदान में नगरपालिका के सफाईकर्मियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से सुना गया।

नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लखन बाल्मीक ने अध्यक्ष पद संभालने के बाद पहली बार कर्मचारियों की सामूहिक बैठक ली। उन्होंने कहा कि संघ से जुड़े करीब 800 कर्मचारी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनका समाधान जल्द होना आवश्यक है। कई कर्मचारियों ने शिकायत की कि यदि वे दो-तीन दिन की छुट्टी पर चले जाते हैं तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। जिलाध्यक्ष लखन बाल्मीक ने साफ कहा कि यदि किसी भी कर्मचारी को धमकाया गया या निकाला गया, तो पूरे जिले के सफाईकर्मी आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारी अपने परिवार का भरण-पोषण वेतन पर ही निर्भर करते हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलने से उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नपा प्रशासन से अपील की कि सफाईकर्मियों की मांगों और समस्याओं पर तुरंत ध्यान दिया जाए, अन्यथा संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# पति पर मारपीट के गंभीर आरोप, पीड़ित पत्नी ने कोतवाली थाने में की शिकायत



**छतरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार को एक महिला ने अपने पति पर मारपीट और गाली-गलौज के गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता शबीना पति राजा खान, उम्र 40 वर्ष, निवासी नया मोहल्ला ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि घटना 22 नवंबर 2025 को शाम करीब 4 बजे की है।**

शबीना के अनुसार उसके पति राजा खान घर आए और बताया कि उनका किसी से विवाद हो गया है। जब शबीना ने उनसे विवाद का कारण पूछा तो उन्होंने कुछ नहीं बताया और घर से बाहर जाने लगे। शबीना ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिस पर पति गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसके बाद उन्होंने बच्चे की साइकिल उठाकर शबीना पर दे मारी, जो उसकी दाहिनी कलाई पर लगी। यही नहीं झूमाझटकी के दौरान शबीना का सिर दीवार से टकरा गया, जिससे वह घायल हो गई। पीड़िता ने बताया कि पति द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने से वह मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान है। घटना के बाद वह सीधे कोतवाली थाने पहुंची और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ब्लड डोनेशन कैंप में 130 एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान



**छतरपुर।** पन्ना रोड स्थित 25 एमपी एनसीसी बटालियन में एचडीएफसी बैंक के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बटालियन के 130 छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इसके साथ ही छतरपुर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी कैडेट्स का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया, जिसमें बच्चों का हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर सहित अन्य जांचें शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान कर्नल योगेश कुमार गांधी, एचडीएफसी बैंक के मैनेजर सौरभ पाठक, अमित चानना, खुशदीप सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। रक्तदान करने वाले कैडेट्स ने कहा कि उनके द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है और रक्तदान स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है।

# तस्करों से 9 किलो गांजा बरामद, पुलिस ने दो आरोपी पकड़े




**छतरपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। सटई थाना पुलिस को विगत रात्रि गश्त के दौरान श्रीवास्तव ढावा अमरौनिया रोड पर अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी संबंधी सूचना प्राप्त हुई। बिजाबर और सटई पुलिस की संयुक्त टीम ढावा पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदेही ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। विधिवत ईको स्पोर्ट ब्लैक कलर की गाड़ी नम्बर एचआर 26 सीजे 1203 तलाशी लेने पर बोनट में इंजन के पास से 9 पैकेट टेप लगी हुई में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा मात्रा 9 किलो 126 ग्राम से अधिक मशरूका कुल कीमत करीब 3 लाख रुपए से अधिक बरामद की। गांजा तस्कर पंकज पिता अशोक कुमार उदेनिया निवासी वार्ड नं 10 उरई जिला जालौन एवं संदीप कुमार उर्फ भूरे तिवारी पिता मथुरा प्रसाद निवासी किरवाहा जिला जालौन को गिरफ्तार किया गया एवं दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना सटई में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बिजावर डीएसपी हर्ष राठौर, उनकी टीम तथा थाना सटई से टीआई रूपनारायण पटेरिया, एसआई तिलक सिंह, एएसआई जितेन्द्र पांडे प्रधान आरक्षक हनुमानदीन ,बाबूराम ,बृजेंद्र गुप्ता आरक्षक सुरेंद्र, अजय, रामकुमार, राहुल, अमित नायक, कविता का सराहनीय योगदान रहा।

# मल्टी टैलेंटेड हनुमान जी पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण हुआ विमोचित

### युवा पीढ़ी हनुमान जी के विशाल चरित्र से बना सकते जीवन सार्थक

### बागेश्वर महाराज ने कहाः हनुमान जी की उपासना, साधना तक ले जाती पुस्तक




*छतरपुर।* इस समय बागेश्वर धाम में ऊर्जा संचय समागम चल रहा है। तीसरे दिन इसी अवसर पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा लिखित मल्टी टैलेंटेड हनुमान के अंग्रेजी संस्करण का विमोचन हुआ। दुनिया भर में फैले ऐसे साधक जो भाषा की समस्या से हनुमान जी जैसे विशाल चरित्र को जानने में कठिनाई महसूस करते हैं उन्हें मल्टी टैलेंटेड हनुमान पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण सार्थक साबित होगा। बागेश्वर महाराज ने इस अवसर पर कहा कि युवा पीढ़ी हनुमान जी की उपासना और साधना को जानकर इस पुस्तक के माध्यम से उनकी कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

रविवार दोपहर इन्विंसिबल प्रकाशन की ओर से मल्टी टैलेंटेड हनुमान का अंग्रेजी संस्करण तैयार किया गया है। प्रकाशन की ओर से आए सागर सेंतिया ने महाराज जी से इस पुस्तक का विमोचन कराया। पुस्तक में हनुमान जी की सिद्धियां, उनकी साधना और उनसे जुड़ी पूजा पद्धतियों तथा प्रार्थनाओं के संबंध में विस्तृत उल्लेख किया गया है। अद्वितीय प्रतिभा के धनी हनुमान जी के विशाल चरित्र से आज की युवा पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है। रामचरितमानस में उल्लेख है कि जब हनुमान जी लंका से सीता माता का पता लगाकर वापस आए तो राम जी ने उन्हें हृदय से लगाते हुए यह कहा कि संसार की कोई ऐसी वस्तु नहीं है जिसे देखकर वह हनुमान जी का ऋण उतार सकते हैं। एक स्वामी जब अपने सेवक के संबंध में इस तरह की बात करता है तो इससे यह स्पष्ट होता है कि अनंत शक्ति होने के बाद भी हनुमान जी कितने विनम्र है। हनुमान जी का यही चरित्र आज के युवाओं को अपनाने की जरूरत है। पुस्तक में हनुमान जी के देश भर में स्थित सिद्ध स्थलों एवं पूजा पद्धति के बारे में जानकारी दी गई है। ऐसी आशा है कि बहु उपयोगी पुस्तक निश्चित रूप से साधकों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### 1 वर्ष पूर्व प्रकाशित हुआ हिंदी संस्करण

बागेश्वर महाराज ने 1 वर्ष पूर्ण अज्ञातवास में रहने के दौरान मल्टी टैलेंटेड हनुमान नामक पुस्तक की रचना की थी। महाराज श्री द्वारा लिखी इस पुस्तक का हिंदी संस्करण गत वर्ष ही प्रकाशित हो चुका। देशभर में लोगों ने इस पुस्तक को प्राप्त कर साधना शुरू की है। सोमवार 24 नवंबर से देश के सभी चर्चित प्लेटफार्म पर यह पुस्तक ऑनलाइन उपलब्ध होगी। जो धर्म प्रेमी हिंदी पढऩे में कठिनाई महसूस करते हैं वह अंग्रेजी माध्यम से हनुमान जी की कृपा पाने के मार्ग में अग्रसर हो सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### 85 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी कार्य पूर्ण

**कटनी।** मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के निर्देश पर जिले में महात्मा गांधी-नरेगा अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों की ई-केवाईसी मोबाईल ऐप के माध्यम से कराई जा रही है। जिले में पंजीकृत 2 लाख 44 हजार 201 श्रमिकों के विरूद्ध अब तक 85 हजार 39 श्रमिकों की ई-केवाईसी का कार्य पूरा किया जा चुका है। महात्मा गांधी-नरेगा अंतर्गत विकसखंड बड़वारा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 42 हजार 694 श्रमिकों के विरूद्ध अब तक 16 हजार 256 श्रमिकों की ई-केवाईसी का कार्य किया जा चुका है। इसी प्रकार विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 45 हजार 701 श्रमिकों के विरूद्ध 10 हजार 158, विकासखंड ढ़ीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 54 हजार 691 श्रमिकों के विरूद्ध 20 हजार 618, विकासखंड कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 25 हजार 505 श्रमिकों के विरूद्ध 5 हजार 134, विकासखंड रीठी अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 35 हजार 663 श्रमिकों के विरूद्ध अब तक 20 हजार 234 और विकासखंड विजयराघवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 39 हजार 947 श्रमिकों के विरूद्ध अब तक 12 हजार 639 श्रमिकों की ई-केवाइसी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष श्रमिकों की ई-केवाईसी का कार्य सचिव, ग्राम रोजगार सहायको एवं ग्राम पंचायतों में पंजीकृत मेटों के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। जिसकी समीक्षा वीसी के माध्यम से की जाती है।

### नेगाई की सरकारी भूमि से नहीं हट सका अतिक्रमण

**सिलौंडी।** सिलौंडी से समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगाई में राजस्व विभाग की लगभग 250 एकड़ भूमि शासकीय रिकार्ड में दर्ज है जिसमें चरनोई की भी शामिल है जिसमें ग्राम के लोग कब्जा कर कृषि कर रहे है। शासन की आवश्यक योजनाओं के क्रियावन हेतु जैसे गौशाला , कृषि उपज मण्डी, बस स्टैंड, नर्सरी बनाने भूमि की मांग है। प्रशासन के अनेक बार उच्च अधिकारियों के साथ अतिक्रमण अलग कराने निरीक्षण भी कर लिया। अभी वर्तमान में सरकारी धान खरीदी स्थल पर भी ग्राम के दबंग लोग ने कब्जा कर लिया है। नेगाई के जागरूक लोगों ने वीरासन देवी मंदिर में हुई कलेक्टर जन सुनवाई और जिला स्तर कटनी में कलेक्टर जन सुनवाई में भी नेगाई की सरकारी भूमि से अतिक्रमण अलग कर आवारा पशु की व्यवस्था करने की मांग की थी परंतु अभी तक प्रशासन ने कोई भी करवाई नही किया है ।

### महिला आवेदकों के लिए रोजगार मेला 3 दिसंबर को

**कटनी।** म.प्र.शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में 3 दिसंबर को केवल महिला आवेदिकाओं के लिए निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले द्वारा टाटा इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी कृष्णागिरी तमिलनाडु कम्पनी द्वारा टेक्नीकल ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मोबाईल एसेम्बलर, एसेमबिल आपरेटर पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि 18 से 30 साल की आयु सीमा की 10वीं पास, 12 वी आईटीआई (किसी भी ट्रेड से) डिप्लोमा, स्नातक स्नातकोत्तर उत्तीर्ण महिलायें जिन्हें इंगलिश पढ़ना एवं लिखना आता हो आवेदन के लिये पात्र है। कार्यस्थल बैंगलोर से 25 किमी दूर रहेगा। चयनित आवेदिकाओं के लिये कंपनी में कार्य की अवधि 8 घन्टे (कार्य 3 शिप्ट में होता है रविवार अवकाश रहेगा) एवं साल में 30 दिन का अवकाश रहेगा। वेतन के रूप में 19 हजार 143 रूपये फन्ड एवं बीमा कटौती के बाद 14 हजार 485 रुपये दिया जायेगा। साथ ही पीएफ, ईएसआईसी, फ्री भोजन एवं रहने की व्यवस्था, फ्री टान्सपोटेशन एवं बीमा बैंगलोर जाने के लिए टिकट फ्री चयन के बाद सुविधा दी जावेगी। महिला आवेदक अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, 4 पासपोर्ट साईज के साथ रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में करा सकती हैं। साक्षात्कार 3 दिसंबर को जिला रोजगार कार्यालय में 11 से शाम 3 बजे तक होगा।

---

**मेहनत व समर्पण से जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति संभव - उप मुख्यमंत्री**

# स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 10 मीटर शूटिंग रेंज का डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ

**स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में सनबोर्ड एवं इलेक्ट्रिक बोर्ड की हुई स्थापना**






**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मेहनत व समर्पण से ही जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि जीवन में शार्टकट का कोई स्थान नहीं है। लक्ष्य को निर्धारित कर पूरे मनोभाव से कार्य करने पर ही सफलता मिलती है। उप मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 10 मीटर शूटिंग रेंज का शुभारंभ किया। उन्होंने पिस्टल एवं राइफल से शूटिंग लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं व खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स की स्थापना से खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर विभिन्न खेल गतिविधियों में प्रैक्टिस की सहूलियत मिली है। बड़े शहर में खेल के लिए स्पोर्ट्स काम्पलेक्स अत्यंत आवश्यक है। रीवा का स्पोर्ट्स काम्पलेक्स भी इस कमी को पूरा कर रहा है। उन्होंने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग ले रहे खिलाड़ियों से आह्वान किया कि पूरे मनोयोग से अपने खेल में आगे बढ़ें और राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना व अपने शहर का नाम रोशन करें। उन्होंने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में अनवरत चल रही विभिन्न खेल गतिविधियों के आयोजन के लिए संभागीय खेल अधिकारी के समर्पण भाव की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा के लिए अद्वितीय उपलब्धि है। उप मुख्यमंत्री जी ने परिश्रम व संकल्प के साथ इसे पूरा कराया जहाँ विभिन्न खेलों की सुविधाएं हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं जब विकसित रीवा और विकसित विन्ध्य क्षेत्र को देख पा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री जी हमेशा रीवा व विन्ध्य के विकास का ही सपना देखते हैं। युवा पीढ़ी को वर्ष 2003 से पहले और वर्ष 2003 के बाद के रीवा को जानने का हक है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि उप मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का जो विजन देखा उसे पूरा कराया। युवा पीढ़ी इससे सीख ले सकती है कि कड़ी मेहनत और अनुशासन एवं संकल्पशक्ति से ही सफलता प्राप्त हो सकती है। उन्होंने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में बेहतर सुविधाओं के लिए उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने एमपी स्टेट मास्टर एथलेटिक्स मीट 2025 के विभिन्न खेल गतिविधियों में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के प्रथम तल में साउंडप्रूफ 10 मीटर शूटिंग रेंज की स्थापना की गई है जो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसी प्रकार मुख्य द्वार पर सनबोर्ड एवं मुख्य भवन की दीवार में इलेक्ट्रिक बोर्ड लगाया गया है जिससे स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में और निखार आएगा। इस अवसर पर संभागीय खेल अधिकारी एमक धौलपुरी, अतुल जैन, सतीश सिंह, विक्रम सिंह, कार्यपालन यंत्री डीएस त्रिपाठी, सहायक यंत्री संजीव कालरा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे

---

# जिले में अब तक 907676 मतदाताओं के गणना पत्रक हुए डिजिटलाइज्ड

**अब तक 65.27 प्रतिशत गणना पत्रक काहुआ डिजिटाइजेशन**

**रीवा ।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है। अब सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर उसे संकलित कर रहे हैं। कई बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। अन्य बीएलओ गणना पत्रक संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज कर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 23 नवम्बर को शाम 6 बजे तक मतदाताओं से 907676 गणना पत्रक प्राप्त कर इसे डिजिटाइज कर लिया गया है। यह कुल लक्ष्य का 65.27 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में लक्ष्य का 69.12 प्रतिशत, सेमरिया में 69.60 प्रतिशत, त्योंथर में 65.63 प्रतिशत, मनगवां में 62.08 प्रतिशत, रीवा में 60.22 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 65.33 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित कर रहे हैं। अब तक विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 155076, मनगवां में 156547, रीवा में 136690, सेमरिया में 159144, सिरमौर में 155318 तथा विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 144901 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं। सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिले भर में गणना पत्रक भरवाने के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं।

---

# एटीएम मेंटेनेंस के नाम पर 3.73 लाख का गबन मेंटेनेंस कंपनी का इंजीनियर संदिग्ध, बैंक मैनेजर की शिकायत पर अमहिया थाना में मामला दर्ज



**रीवा।** शहर के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की खुटेही शाखा में एटीएम मेंटेनेंस के नाम पर 3 लाख 73 हजार रुपये के गमन का मामला सामने आया है। घटना का खुलासा एटीएम कैश समानीकरण के दौरान हुआ, जिसके बाद शाखा प्रबंधक ने पूरे प्रकरण की शिकायत अमहिया थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुटेही स्थित यूनियन बैंक शाखा के बाहर ग्राहकों की सुविधा के लिए एटीएम मशीन लगाई गई है, जिसका तकनीकी रखरखाव मुंबई स्थित सीएमएस इंफ्रो सिस्टम लिमिटेड कंपनी के हवाले है। मशीन में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर कंपनी इंजीनियर भेजती है। जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर को एटीएम मशीन में खराबी आई थी। मेंटेनेंस के लिए कंपनी ने शहडोल निवासी इंजीनियर हनुमंतलाल पटेल को साइट पर भेजा था। इंजीनियर ने मशीन का निरीक्षण किया, लेकिन जांच के नाम पर कथित रूप से मशीन में उपलब्ध कैश को कॉर्डलेस डिपॉजिट के माध्यम से अपने और अन्य खातों में ट्रांसफर कर दियाफर्जीवाड़ा तब सामने आया जब 14 अक्टूबर को एटीएम का समानीकरण किया गया। मशीन में कुल 3 लाख 83 हजार रुपये होना चाहिए थे, लेकिन केवल 10 हजार रुपये ही मिले। कैश शॉर्ट होने पर बैंक प्रबंधन ने लेन-देन का पूरा रिकॉर्ड खंगाला, जिसमें यह बात सामने आई कि इंजीनियर द्वारा अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर की गई है। घटना की सूचना शाखा प्रबंधक ने क्षेत्रीय प्रबंधक को दी, जिसके बाद क्षेत्रीय प्रबंधक स्वयं खुटेही शाखा पहुंचे और मामले की जांच की। प्राथमिक जांच के बाद पूरे मामले की शिकायत अमहिया थाना में दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी इंजीनियर सहित अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।

---

**सामाजिक जागरूकता से ही सफल होगा नशामुक्ति अभियान - उप मुख्यमंत्री**

# उप मुख्यमंत्री ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ



**रीवा ।** लक्ष्मणबाग में आयोजित नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शहर के सभी जागरूक नागरिकों के सहयोग से यह नशामुक्ति का पवित्र अभियान चलाया जा रहा है। सामाजिक जागरूकता से ही नशामुक्ति अभियान सफल होगा। युवाओं को नशे की राह से बचाने पर ही संस्कारित समाज बनेगा। नशाखोरी की समस्या का समाधान करने के लिए नशामुक्ति केंद्रों में नशा करने वालों का पुनर्वास किया जा रहा है। इसके साथ-साथ प्रशासन नशे का व्यापार करने वालों पर लगातार कार्यवाही कर रहा है। नशे के कारोबार से जुड़े 600 से अधिक अपराधियों को जेल भेजा गया है। यह बड़ी उपलब्धि है। आज इस नशामुक्ति अभियान के पुनीत कार्य में संकल्प लें कि इसे सामाजिक क्रांति बनाते हुए अपराधियों को दंड देना तथा नए लोगों को नशा न करने देना हमारा अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रीवा द्वारा किया गया। उप मुख्यमंत्री ने नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत मेरा रीवा - स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर रीवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने उपस्थितों को नशामुक्त रीवा की शपथ दिलाई और नागरिकों को 'सुखी जीवन का आध्यात्मिक कैलेंडर' वितरित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा विकास की नई उड़ान भर रहा है। नशा-मुक्ति के क्षेत्र में भी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। हमें विश्वास है कि रीवा जैसे शिक्षा, संस्कृति एवं प्रशासन में नंबर-वन है, वैसे ही नशा-मुक्ति अभियान में भी पूरे प्रदेश के लिए आदर्श स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि समाज के बुद्धिजीवी वर्ग, पुलिस बल, विद्यार्थी और जागरूक नागरिक मिलकर युवाओं को नशा-मुक्त बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा कुमारीज़ संगठन द्वारा निस्वार्थ भाव से दी जा रही आध्यात्मिक व सामाजिक सेवाएँ अतुलनीय हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रभारी संचालिका ब्रम्हकुमारी बीके लता दीदी, संयोजक बीके प्रकाश, बीके मीनाक्षी, बीके उर्मिला, तथा ब्रह्मा कुमारीज़ परिवार के सदस्य पार्षद अर्चना अमृतलाल मिश्रा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पहले उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग संस्थान के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने गायों का पूजन करके उन्हें गुड़ और चना खिलाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

# फर्जी दस्तावेज से लिया कोटे का लाभ, छात्र-छात्रा का प्रवेश निरस्त, रीवा मेडिकल कॉलेज में कोटे में प्रवेश के लिए पेश किया था स्वतंत्रता सेनानी का फर्जी प्रमाण पत्र, दो पर केस




**रीवा ।** *श्यामशाह मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स में फर्जी दस्तावेजों के सहारे प्रवेश लेने का मामला सामने आया है। कॉलेज प्रशासन ने जांच के बाद छात्रा मीमांशा वर्मा और छात्र अविनाश कुमार राज के प्रवेश निरस्त कर दिए हैं। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोटे से प्रवेश पाने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। मेडिकल कॉलेज की शिकायत पर दोनों के खिलाफ अमहिया थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, सत्र 2025-26 के लिए आयोजित नीट यूजी काउंसलिंग के दौरान दोनों छात्र-छात्रा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र अपलोड किया था। कॉलेज स्तर पर जांच के दौरान प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए गए। प्रशासन ने दोनों को हलफनामा प्रस्तुत करते हुए निर्धारित समय सीमा में मूल दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए, लेकिन तय अवधि के बाद भी वे मूल प्रतियां नहीं दे सके। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने इन प्रमाण पत्रों की सत्यता की जांच के लिए भोपाल कलेक्टर कार्यालय को पत्र भेजा। कलेक्टर कार्यालय की जांच में स्पष्ट हुआ कि जिन नामों के आधार पर प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए हैं, ऐसे नाम से कोई प्रमाण संबंधित कार्यालय से कभी जारी नहीं किया गया है। इसकी जानकारी संचालक एवं नोडल अधिकारी नीट यूजी काउंसलिंग 2025 व चिकित्सा शिक्षा भोपाल को दी गई। निर्देश मिलने पर दोनों छात्रों का 10 सितंबर को प्रवेश निरस्त कर दिया गया था। डीन की अनुशंसा पर नोडल अधिकारी डॉ. नीरा मराठे ने अमहिया थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जांच में सामने आया कि अविनाश कुमार राज द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का नाम छोटन साह अंकित था, जबकि आधार कार्ड में पिता का नाम छोटन साव पाया गया। छात्र ने इसे मिस प्रिंट बताते हुए सुधार कर मूल प्रति जमा करने का समय मांगा, लेकिन बाद में दस्तावेज पेश नहीं किए। छात्रा मीमांशा वर्मा के प्रमाण पत्र में भी इसी तरह की विसंगतियां मिली।संदेह के दायरे में अन्य प्रमाण पत्रमामले के उजागर होने के बाद कॉलेज प्रशासन अब अन्य अभ्यर्थियों द्वारा जमा दस्तावेजों की भी विशेष जांच कर रहा है। अक्सर कम अंक वाले छात्र फर्जी दस्तावेजों के सहारे कोटे में प्रवेश पाने की कोशिश करते हैं और कई बार छोटी-छोटी त्रुटियां प्रारंभिक जांच में पकड़ी नहीं जातीं।*

---

# झलकारीबाई की वीरता और देशभक्ति ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी

**रीवा ।**

अखिल भारतीय कोरी समाज द्वारा मानस भवन में वीरांगना झलकारीबाई कोरी की 195वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कोरी समाज को इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए वीरांगना झलकारीबाई कोरी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना झलकारीबाई की वीरता और देशक्ति ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। झलकारीबाई केवल कोरी समाज ही नहीं बल्कि पूरी राष्ट्र की धरोहर हैं। उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध 1857 में किए गए विद्रोह में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की परछाई बनकर स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि झलकारीबाई के जीवन का स्मरण हमें नारीशक्ति, साहस और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उनका जीवन समाज और देश को साहस और कर्तव्य की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कोरी समाज को बधाई दी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कोरी समाज के जिला अध्यक्ष राजाराम बुनकर द्वारा दिया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कार्यवाहक आनंद वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता तथा कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह शाक्यवार ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में प्रदेश भर से पधारे समाज के जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में कोरी समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

# मऊगंज जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेज़ी, 2.84 लाख गणना पत्रक डिजिटाइज

**मऊगंज**



निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मऊगंज जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों—मऊगंज और देवतालाब—में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के बाद उनकी जानकारी गणना पत्रक के माध्यम से ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज की जा रही है।जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 23 नवम्बर की शाम 5 बजे तक कुल 2,84,942 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 59.39 प्रतिशत है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में कुल 4,79,769 पंजीकृत मतदाता हैं और सभी को गणना पत्रक वितरित कर दिए गए हैं। विधानसभा क्षेत्रवार प्रगति में मऊगंज में 1,39,266 और देवतालाब में 1,45,676 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। कार्य की तेजी को देखते हुए अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा से पहले ही शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। बीएलओ को सहयोग देने हेतु ग्राम रोजगार सहायक, सचिव, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता को तैनात किया गया है। वहीं तकनीकी सहयोग के लिए जनपद पंचायत स्तर पर विशेषज्ञ टीम काम कर रही है। सभी एसडीएम, तहसीलदार और सेक्टर अधिकारी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं, ताकि मतदाताओं की जानकारी शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित रूप से दर्ज हो सके।

---

# मऊगंज जिले में 5 बीएलओ ने शत-प्रतिशत किया डिजिटाइजेशन

**मऊगंज**



*जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों मऊगंज एवं देवतालाब में मतदाताओं का सत्यापन तेजी से किया जा रहा है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में तैनात बीएलओ मतदाता से गणना पत्रक्र प्राप्त कर उसे बीएलओ ऐप से डिजिटाइज कर रहे है। जिले के पाँच बीएलओ ने निर्धारित समय सीमा से 13 दिन पूर्व ही गणना पत्रक भरकर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में मतदान केन्द्र क्रमांक 85 माजन मानिकराम के बीएलओ विकास कुमार कुशवाहा, मतदान केन्द्र क्रमांक 107 दुअरा के बीएलओ रवि सेन तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 196 उकसा के बीएलओ राजेश कुमार मिश्रा ने डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र क्रमांक 8 कोन के बीएलओ रजनीश कुमार पाण्डेय तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 180 बरैया टोला के बी ए ल ओ दिवाकर जायसवाल ने भी तय समय सीमा से पहले सौ फीसदी लक्ष्य पूरा कर लिया है। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को लक्ष्य पूरा करने पर बधाई दी है।*